राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(महात्मा गांधी नरेगा, अनुभाग–3)

Øekad: ,Q 1(2)xzkfo@नरेगा/मार्गदर्शन/2020/पार्ट--3   t;iqj] fnukad 12 JUL 2023

जिला कार्यक्रम समन्वयक ईजीएस एवं
जिला कलक्टर समस्त राजस्थान।

विषय :– प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) के अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों के पंजीकरण के संबंध में।

प्रसंग :– समसंख्यक पत्र दिनांक 06.10.2022, 11.11.2022 एवं 22.03.2023 के कम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत श्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु **प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** (PM-SYM) चलाई जा रही है। जिसमें असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आयु अनुसार (18--40) निर्धारित मासिक अंशदान देने पर 60 वर्ष की आयु उपरान्त रुपये 3000/– मासिक पेंशन दिये जाने की व्यवस्था है। महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत समय–समय पर आयोजित समीक्षा बैठकों में मनरेगा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने के लिए **प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन** योजनान्तर्गत (PM-SYM) अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण हेतु निर्देशित किया जाता है।

संलग्न MIS रिपोर्ट (R32.2) के अनुसार सक्रिय श्रमिकों की तुलना में काफी कम संख्या में (14 जिलों में शून्य) मनरेगा श्रमिकों का **प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन** योजनान्तर्गत (PM-SYM) **पंजीकरण** हुआ है।

अतः योजना द्वारा श्रमिकों को प्राप्त होने वाली सामाजिक सुरक्षा से अवगत कराने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे एवं अधिकाधिक संख्या में मनरेगा श्रमिकों का **पंजीकरण** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना (PMSYM) के अन्तर्गत किया जाना सुनिश्चित करावे ताकि सभी मनरेगा श्रमिकों को उक्त योजना का लाभ मिल सके।

(शिवांगी स्वर्णकार)
आयुक्त, ईजीएस

प्रतिलिपि :–
1. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर, राजस्थान।
3. निजी सचिव, श्रम आयुक्त, श्रम विभाग, जयपुर, राजस्थान को उनके पत्र दिनांक 03.07.2023 के कम में सूचनार्थ।
4. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त राजस्थान।

Signature valid
Digitally signed by Shivangi Swarnkar
Designation: Commissioner
Date: 2023.07.11 17:53:02 IST
Reason: Approved

V:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\4214915_8822638...

RajKaj Ref No. : 4214915

Scanned with CamScanner